भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1098

जिसका उत्तर सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक) को दिया गया

औसत मासिक न्यूनतम शेषराशि न बनाए रखने पर जुर्माना

1098. श्री सेल्वाराज वी.:
श्री सुब्बारायण के.:
श्रीमती माला राय:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ग्राहकों से औसत मासिक शेष (एएमबी) न रखने पर शुल्क ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान इस सिलसिले में विभिन्न बैंकों द्वारा बैंक-वार कितनी राशि ली गई है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बचत खातों में न्यूनतम शेष न रखने पर जुर्माने की राशि की गणना के मानदण्ड क्या हैं तथा यदि हां, तो क्या बचत खातों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए ये दरें उचित हैं;

(घ) इन शुल्कों को तय करने में 'तर्कसंगतता' के क्या सिद्धांत अपनाए गए हैं; और

(ड.) क्या सरकार बचत खातों में न्यूनतम शेष न रखने पर लगने वाले शुल्क को तर्कसंगत बनाने का विचार रखती है तथा यदि हां, तो बैंक के ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली 'नि:शुल्क' सेवाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ड.): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिनांक 20.11.2014 और 1.7.2015 के अपने परिपत्रों के माध्यम से बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर दंडात्मक प्रभार लगाने और बैंकों में ग्राहक सेवा के संबंध में दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं। बैंकों को अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार बचत खाते में न्यूनतम शेष राशि न रखने के संबंध में दंडात्मक प्रभार निर्धारित करने की अनुमति दी गई है, जबकि यह सुनिश्चित किया गया है कि दंडात्मक प्रभार खाता खोलने के समय सहमत न्यूनतम शेष राशि की तुलना में वास्तविक शेष राशि जितनी कम हो उस राशि का एक निश्चित प्रतिशत होना चाहिए। तदनुसार, बैंकों ने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों और खंडों पर विचार करते हुए प्रभारों की वसूली के लिए स्लैब संरचना तैयार की है।

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने 'बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि' के संबंध में और 'बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर दंडात्मक प्रभार लगाने' के संबंध में 26 दिसम्बर, 2002 और 20 नवंबर, 2014 के परिपत्रों के माध्यम से बैंकों से निम्नलिखित अपेक्षा की है:-

i. ग्राहकों को खाता खोलते समय न्यूनतम शेष राशि रखे जाने की अपेक्षा के बारे में सूचित किया जाए। इसके बाद होने वाले किसी भी बदलाव के बारे में भी खाताधारकों को सूचित किया जाना चाहिए।

ii. न्यूनतम शेष राशि न बनाए रखने की स्थिति में, बैंक द्वारा ग्राहक को दंडात्मक प्रभार के बारे में सूचित किया जाना चाहिए, जो नोटिस की तारीख से एक महीने के भीतर शेष राशि की भरपाई न किए जाने पर लागू होगा।

iii. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बचत खाता केवल न्यूनतम शेष राशि न बनाए रखने पर लगाए जाने वाले प्रभार के कारण ऋणात्मक शेष राशि में न परिवर्तित हो जाए।

पिछले पांच वर्ष के दौरान बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि न बनाए रखने पर विभिन्न बैंकों द्वारा ग्राहकों पर प्रभारित राशि को **अनुबंध** में दर्शाया गया है।

उक्त दिशानिर्देशों के अनुसार, बेसिक बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए) के अंतर्गत खाताधारकों को बिना किसी न्यूनतम शेष राशि की अपेक्षा के, निम्नलिखित बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं:

i. बैंक शाखा के साथ-साथ एटीएम/सीडीएम में नकदी जमा करना।

ii. किसी भी इलेक्ट्रॉनिक चैनल के माध्यम से अथवा केन्द्र/राज्य सरकार की एजेंसियों और विभागों द्वारा काटे गए चेकों को जमा/संग्रह करके प्राप्त की गई राशि।

iii. एक माह के भीतर जमा करने की सं./राशि के संबंध में कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

iv. एक माह में न्यूनतम चार बार निकासी, जिसमें एटीएम निकासी भी शामिल है।

v. एटीएम कार्ड या एटीएम-सह-डेबिट कार्ड।

अन्य सभी प्रकार के बैंक खातों के संबंध में, बैंक अपने बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार, मूल्यवर्धित करने वाली कोई भी सेवा निःशुल्क प्रदान करने के लिए सक्षम हैं।

*****

दिनांक 29.7.2024 को उत्तर हेतु नियत "औसत मासिक न्यूनतम शेष राशि न बनाए रखने पर जुर्माना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1098 के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध (राशि करोड़ रुपए में)						
क्रम सं.	**बैंक**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**	**वित्तीय वर्ष 2020-21**	**वित्तीय वर्ष 2021-22**	**वित्तीय वर्ष 2022-23**	**वित्तीय वर्ष 2023-24**
1	बैंक आफ बड़ौदा*	105.17	118.13	307.49	333.33	386.51
2	बैंक आफ इंडिया*	181.52	121.29	150.08	180.16	194.48
3	बैंक आफ महाराष्ट्र**	49.19	72.03	108.47	114.15	126.95
4	केनरा बैंक**	239.88	177.38	230.28	226.11	284.24
5	सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया**	99.03	82.29	135.2	142.52	128.17
6	इंडियन बैंक**	141.17	342.86	316.89	296.27	369.16
7	इण्डियन ओवरसीज बैंक*	2.25	4.04	4.42	4.46	4.58
8	पंजाब एंड सिंध बैंक*	शून्य	शून्य	शून्य	15.80	39.44
9	पंजाब नैशनल बैंक*	238	141.03	85.77	439.67	633.4
10	भारतीय स्टेट बैंक#	640.19	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
11	यूको बैंक*	0.09	0.04	13.37	15.45	37.49
12	यूनियन बैंक आफ इंडिया*	41.16	83.04	76.56	87.51	126.66

*तिमाही औसत शेष राशि को न बनाए रखने पर लगाए गए प्रभार

**मासिक औसत शेष राशि को न बनाए रखने पर लगाए गए प्रभार

भारतीय स्टेट बैंक मार्च 2020 से अपने ग्राहकों पर औसत मासिक न्यूनतम शेष राशि प्रभार नहीं लगा रहा है